# उत्तर मध्य रेलवे
# प्रत्यूष

अक्टूबर - नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 - जनवरी, 2025

102वाँ एवं 103वाँ अंक





## केंद्रीय रेल मंत्री ने महाकुम्भ -2025 की तैयारियों का किया अवलोकन



प्रयागराज क्षेत्र में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, श्री अश्विनी वैष्णव

दिनांक 08, दिसंबर, 2024 को केंद्रीय मंत्री, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज क्षेत्र में महाकुम्भ-2025 के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज में सबसे पहले झूंसी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों एवं महाकुंभ - 2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात झूंसी स्टेशन के निकट गंगा नदी पर प्रयागराज - वाराणसी रेल मार्ग दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत बने नए ब्रिज संख्या -111 का निरीक्षण किया। इस दौरान माननीय रेलमंत्री ने फाफामऊ जं. से प्रयाग जं. तथा प्रयाग जं. से प्रयागराज जं. तक विंडो ट्रेलिंग करते हुए रेलपथ की संरक्षा की जानकारी भी प्राप्त की तथा इस अवसर पर इन दोनों स्टेशनों पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों से भेंट की।

केंद्रीय रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने निरीक्षण के अगले क्रम में प्रयागराज जंक्शन पर महाकुंभ - 2025 के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके अन्तर्गत केंद्रीय रेल मंत्री ने यात्री आश्रय में खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा बूथ, जन सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा।

श्री वैष्णव ने प्रयागराज जंक्शन की सुरक्षा प्रणाली और आपात स्थिति के लिए की गई तैयारियों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने रैपिड एक्शन टीम एवं क्विक रेस्पोंस टीम और फायर फाईटिंग टीम के कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली को परखा और बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। केंद्रीय रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने निरीक्षण के अगले क्रम में 18 स्क्रीन से सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष युक्त मेला टॉवर का निरीक्षण किया। कक्ष में तैनात कर्मचारियों से सीसीटीवी के विषय में जानकारी ली और बेहतर समन्वय और त्वरित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

केंद्रीय रेल मंत्री ने निरीक्षण के अगले क्रम में स्टेशन रिडेवलपमेंट के अंतर्गत विकसित किये जा रहे प्रयागराज जंक्शन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य को गुणवत्ता और समय के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। केंद्रीय रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि महाकुंभ - 2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के संभावना को देखते हुये गत 2½ वर्षों से वृहत स्तर पर तैयारियाँ चल रही हैं। प्रयागराज क्षेत्र में सुगम रेल परिचालन के लिए 21 रोड ओवर ब्रिजों और रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण किया गया है। छोटी दूरी के लिए बड़ी संख्या में मेमू ट्रेन का इंतजाम किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 के रेगुलर गाड़ियों में दोनों तरफ इंजन लगाया जाएगा जिससे समय की बचत होगी। महाकुंभ -2025 के दौरान बेहतर सुविधाओं के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 43 स्थायी होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है। प्रयागराज क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर सभी फुट ओवर ब्रिजों पर एकदिशीय यातायात की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया कर्मियों को महाकुंभ के दौरान दिशावार कलर कोडिंग व्यवस्था और टिकटिंग व्यवस्था के बारे में भी बताया। इसी क्रम में माननीय रेल मंत्री ने डीएफसी के कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत मंत्री ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेल अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अध्यक्ष रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार सहित उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एवं संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



*''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है।'' - विनोबा भावे*

## रेल राज्यमंत्री द्वारा प्रयागराज जंक्शन पर महाकुंभ - 2025 की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

दिनांक 22 जनवरी, 2025 को केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, श्री वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुंभ - 2025 के लिए किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी उनके साथ थे।


प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुंभ - 2025 के लिए किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, श्री वी. सोमन्ना

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष, यात्री आश्रय एवं मेला टॉवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यात्री आश्रय में श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा एवं श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार किए गये लीफलेट की प्रशंसा की। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने निरीक्षण के उपरांत मेला टॉवर में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं।

प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने यात्री सेवा एवं यात्री हितों की दिशा में किए जा रहे सभी रेल कार्यों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। यात्री आश्रयों में कलर कोडिंग, साइनेज, खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा बूथ, जन सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, श्री वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन की सुरक्षा प्रणाली और आपात स्थिति के लिए की गई तैयारियों की भी जानकारी ली। श्री वी. सोमन्ना ने निरीक्षण के अगले क्रम में 18 स्क्रीन से सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष युक्त मेला टॉवर का निरीक्षण किया। मेला टॉवर में तैनात कर्मचारियों से सीसीटीवी के विषय में जानकारी ली और बेहतर समन्वय और त्वरित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

दिनांक 26 जनवरी 2025 को, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का 76वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी द्वारा झंडा फहराने के साथ हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 19 रेल कर्मियों को सम्मानित भी किया।



इस अवसर पर श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन श्रीमती चेतना जोशी सहित सभी प्रधान विभागाध्यक्षों एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने 139 के बैनर के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल श्वान दस्ते का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसमें 'वंदे मातरम वंदे मातरम' समूह गीत गायन - निर्देशन कु. ऋचा पाण्डेय, श्रीमती रक्षा श्रीवास्तव, श्री संदीप कुमार, श्री रमाशंकर यादव एवं श्री मो. फैजान अहमद वादक - श्री विपुल पाण्डेय, श्री अनूप बनर्जी एवं श्री आकाश कुमार, 'भारत की सांस्कृतिक' तथा 'प्रारम्भ हुआ सागर मंथन' समूह नृत्य पूर्णिमा के निर्देशन में टेंडरफीट के बच्चों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को देश भक्ति की भावना से भरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये जोन की उपलब्धियों से अवगत कराया।






''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द

## गाँधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा भारत सरकार की योजना के अनुरूप इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक किया गया। 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' नारे के साथ आयोजित हो रहे इस पखवाड़े में 02 अक्टूबर 2024 को गाँधी जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, की अध्यक्षता और अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती चेतना जोशी की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम रेलगाँव स्टेडियम में वॉकाथन का आयोजन हुआ। तदोपरांत उत्तर मध्य रेलवे स्काउट एंड गाइड्स द्वारा प्लास्टिक के अनर्गल प्रयोग को रोकने के संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य अतिथिगणों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मियावाकी वृक्षारोपण स्थल पर पौधारोपण किया गया। इसी क्रम में सफाई मित्रों को कपड़े के थैलों एवं अनाज का वितरण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस दौरान संत निरंकारी दल के स्वयंसेवकों द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

इसके उपरांत रेल गाँव स्थित स्पंदन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों तथा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वच्छता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 रेल कर्मियों सहित प्रतियोगिताओं के कुल 52 विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सांस्कृतिक टीम द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गईं।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों का सम्मान समारोह एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित



राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय, मंडलों एवं अन्य इकाईयों मे विभिन्न कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोहों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों और कोचों को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी के हाथों से सम्मानित होने वालों में उत्तर मध्य रेलवे के एथलीट श्री एजाज अहमद, श्री अखिलेश कुमार- शक्तितोलन, श्री धर्मेन्द्र कुमार निषाद-बैडमिन्टन, श्री रोहित-हॉकी, श्री उदित-कुश्ती, श्री एन. सुमन बाला-भारोत्तोलन, श्री संदीप-कुश्ती , सुश्री मानसी-एथलेटिक्स, श्री भावेश पाण्डेय-बैडमिंटन, श्री दानिश अली एवं श्री राम यादव-क्रिकेट, शिवानी सिंह-बैडमिंटन, श्री धर्मेंद्र यादव-शक्तितोलन शामिल रहे। ज्ञात हो महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे इस समारोह में कार्यक्रम के प्रारंभ में उनकी फोटो पर महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों तथा खिलाड़ियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े अनुभव स्वाभाविक रूप से हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। सभी उपस्थित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ी भी हम सबके लिए उत्साह और प्रेरणा का सबब बनते रहते हैं। इसी क्रम में रेलगाँव स्टेडियम में विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव डॉ अमित मालवीय ने किया।

## रेल कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



दिनांक 19.11.2024 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अक्टूबर माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री जे.सी.एस.बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 6 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री जगदीश, ट्रैक मेन्टेनर, कोसीकलां/आगरा मण्डल को अक्टूबर माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी ने National Learning week के तहत दिनांक 19.10.2024 से दिनांक 27.10.2024 तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत के केन्द्रीय कार्यालयों एवं राज्यों के कार्यालय में उत्तर मध्य रेलवे को मिले प्रथम स्थान के प्रशस्ति-पत्र को महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी को प्रस्तुत किया।

## महाप्रबंधक द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप एवं अखिल भारतीय अंतर रेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने महाप्रबंधक श्री उपेंन्द्र चंद्र जोशी से मुलाकात कर उनको अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। ज्ञात हो कि उत्तर मध्य रेलवे की कोमल कोहर ने अंतर रेलवे चैम्पियनशिप में स्वर्ण तथा सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में रजत पदक, गौरी पांडे ने अंतर रेलवे चैंपियनशिप में रजत, कल्पना यादव ने अंतर रेलवे चैम्पियनशिप में रजत पदक, एन. सुमनबाला ने अंतर रेलवे चैम्पियनशिप में रजत पदक, श्री धर्मेंद्र यादव ने अंतर रेलवे पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में रजत तथा सीनियर नेशनल पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण, अरोकिया अलीश ने अंतर रेलवे चैम्पियनशिप में स्वर्ण तथा सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। महाप्रबंधक ने हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे।

## केंद्रीय अस्पताल में जागरूकता अभियान आयोजित



केंद्रीय अस्पताल, प्रयागराज में विश्व हृदय दिवस का आयोजन सम्माननीय अतिथि डॉ. एस.पी. शर्मा सीएमएस, प्रयागराज की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. एम. कुमार (एसीएचडी/जनरल मेडिसिन) थे, जिन्होंने हृदय रोगों की रोकथाम, शीघ्र पहचान और प्रभावी प्रबंधन के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस वर्ष की थीम 'Use Heart for Action' हमें हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हृदय रोगों की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उनके प्रबंधन के लिए कार्रवाई करने की दिशा में प्रेरित करता है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय अस्पताल, प्रयागराज में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में कुल 96 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 9 लोग उच्च रक्तचाप और 7 लोग मधुमेह से पीड़ित पाए गए।

## मालभाड़ा लदान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बैठक आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे द्वारा मालभाड़ा लदान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उत्तर मध्य रेलवे/मुख्यालय में पी.ओ.एल, सीमेंट, फूडग्रेन, बैलास्ट एवं कंटेनर से संबन्धित प्रतिनिधियों के साथ श्री ब्रिजेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।

श्री ब्रिजेन्द्र कुमार ने ग्राहको को संबोधित करते हुये कहा कि रेलवे से लोडिंग के दौरान यदि किसी प्रकार की कठिनाई या समस्या है तो इसके लिए मण्डल स्तर पर एकल खिड़की योजना के तहत वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक को नामित किया गया है। अतः उनसे संपर्क कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करें। यदि मण्डल स्तर पर कोई परिणाम न निकाल पाये तब आप मुख्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग चालू



दिनांक 20.10.2024 को प्रयागराज जंक्शन यार्ड रीमॉडलिंग और प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग दोहरीकरण कार्य के संबंध में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग की स्थापना करके महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी के नेतृत्व में एक और उपलब्धि हासिल की। प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे का दूसरा सबसे बड़ा यार्ड है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर क्योसन निर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग चालू की गई है, जिससे ट्रेन संचालन में बेहतर फ्लेक्सिबिलिटी के लिए 825 रूट उपलब्ध होंगे। नई इंटरलॉकिंग से संरक्षायुक्त और निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दिनांक 21.10.2024 को उत्तर पूर्व सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त श्री प्रणजीव सक्सेना ने नवनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और नव दोहरीकृत प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग खंड का निरीक्षण किया।

इस कार्य से कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी और वाराणसी, लखनऊ, पं. दीनदयाल उपाध्याय और सतना जाने वाली ट्रेनों के लिए विलंबन समय में कमी आएगी।

## मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण कार्य हेतु सेमिनार आयोजित



दिनांक 19 से 25 अक्टूबर 2024 तक रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार कर्मयोगी सप्ताह के तहत National Learning week कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर मध्य रेलवे के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए शिक्षण अभियान कर्मयोगी सप्ताह - राष्ट्रीय शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके तहत उत्तर मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम से कम 06 घण्टे और 05 कोर्स करना अनिवार्य है, जिसके तहत प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में दिनांक 16.10.2024 को उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में स्थित अरावली सभागार में कार्मिक विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार में कुल 81 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए जिन्हें National Learning week कार्यक्रम के तहत कुल 05 कोर्सों को दिनांक 25.10.2024 तक पूर्ण करने के लिए सफल प्रशिक्षण दिया गया।

## उप मंडलीय चिकित्सालय कानपुर में नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन



दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को अपने कानपुर परिक्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने उप मंडलीय चिकित्सालय कानपुर में नवनिर्मित बिल्डिंग का शुभारंभ किया। इस नवनिर्मित बिल्डिंग में रजिस्ट्रेशन काउंटर, अत्याधुनिक पैथोलॉजी और दवाओं के वितरण हेतु काउंटर्स की व्यवस्था है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल श्री हिमांशु बडोनी, उप मुख्य यातायात प्रबंधक, कानपुर श्री आशुतोष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कानपुर श्री रविंद्र प्रसाद सहित मेडिकल एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में महाप्रबंधक ने मेमू कार शेड और इलेक्ट्रिक लोको शेड का भी निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित



सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल एवं उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ के सदस्यों द्वारा श्री एम.सुरेश, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/उत्तर मध्य रेलवे के नेतृत्व में एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। श्री ए.के.सिन्हा, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर व प्रभारी अपर महाप्रबंधक द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मुख्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द

## अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता आयोजित



दिनांक 22.10.2024 को प्रारम्भ हुयी 17 वीं अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 25.10.2024 को रेल सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज में मुख्य अतिथि श्री जे.एस. लाकरा, अपर महाप्रबन्धक एवं श्री अमिय नन्दन सिन्हा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रेलवे के अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष और पुलिस, सीआईएसएफ, आईटीबीपी के अन्य अधिकारी भी प्रतिस्पर्धा और खेल कौशल की भावना का जश्न मनाने के लिए उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में 15 क्षेत्रीय रेलों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। डॉग जैक, दक्षिण रेलवे ने विस्फोटक ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डॉग भी घोषित किया गया। डॉग रेम्बो, दक्षिण पश्चिम रेलवे ने नारकोटिक्स ट्रेड में तथा डॉग लारा, दक्षिण रेलवे ने ट्रैकर ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के दौरान रेल सुरक्षा बल के श्वानों द्वारा शानदार डॉग शो का प्रदर्शन भी किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



उत्तर मध्य रेलवे में दिनांक 28.10.2024 से 03.11.2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इसी क्रम में मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिये निर्बाध रूप से कार्य करने की शपथ दिलायी। इसी क्रम में श्री लाकरा के नेतृत्व में महाप्रबंधक कार्यालय से रेल गाँव स्टेडियम तक एक वॉकाथन का आयोजन किया गया और प्रयागराज मंडल के स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्मयोगी सप्ताह - राष्ट्रीय शिक्षण कार्यक्रम आयोजित




भारत सरकार के कार्मिक मन्त्रालय के निर्देशानुसार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत IGot Portal पर National Learning week दिनांक 19 से 27.10.2024 तक सप्ताह भर चलने वाले आनलाइन प्रशिक्षण अभियान कर्मयोगी सप्ताह-राष्ट्रीय शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण भारत वर्ष में किया गया था। सम्पूर्ण भारत के केन्द्रीय कार्यालयों एवं राज्यों के कार्यालय में उत्तर मध्य रेलवे को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दिनांक 14.11.2024 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन समारोह में भारत सरकार की तरफ से कार्मिक पेंशन एवं लोक शिकायत राज्य मन्त्री श्री जितेन्द्र सिंह द्वारा उत्तर मध्य रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी को एक प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

## स्पेशल कैम्पेन 4.0 के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी आयोजित



दिनांक 30.10.2024 को मुख्यालय के कार्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता और स्वच्छता को संस्थागत बनाने के प्रयासों को प्रदर्शित करते हुए एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें पहले और बाद की प्रगति को दर्शाया गया। अक्टूबर 2024 में एक महीने का अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व विभिन्न क्षेत्रों में सभी मण्डलों, कार्यशालाओं और क्षेत्रीय इकाइयों के इकाई प्रमुखों और क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर संबंधित विभागाध्यक्षों ने किया। विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करने और उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देने के लिए मुख्यालय में तीन अधिकारियों की एक समिति नामित की गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार- कार्मिक विभाग, द्वितीय पुरस्कार- आरपीएफ और विद्युत विभाग संयुक्त रूप से एवं तृतीय पुरस्कार- सिविल और मैकेनिकल विभाग को (संयुक्त रूप से) प्रदान किया गया।

## कार्मिक विभाग में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



दिनाँक 07.11.2024 को कार्मिक विभाग में अक्टूबर-नवम्बर-2024 माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरस्कार समारोह में माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री दलीप सिंह, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक/कल्याण अनुभाग, कार्मिक विभाग, प्रधान कार्यालय को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। इसी कड़ी में माह के सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुभाग को प्रदान किया गया। इस दौरान कार्मिक विभाग, मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस आयोजित



दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने सर्वप्रथम बाबा साहब को श्रद्धांजली अर्पित की। तत्पश्चात प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी सहित सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें। अन्य वक्ताओं में श्री किशन स्वरुप, जोनल अध्यक्ष एवं दिनेश कुमार, जोनल सचिव, अखिल भारतीय रेल कर्मचारी अनुसूचित जाति/जनजाति एसोसिएशन ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखते हुए उन्हें नवजागरण का अग्रदूत, समतामूलक समाज का निर्माणकर्ता और आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया।

## निदेशक परियोजना योजना-डीएफसीसीआईएल द्वारा न्यू करछना से न्यू भाऊपुर और न्यू मनौरी तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



दिनांक 22.11.2024 श्री पंकज सक्सेना निदेशक परियोजना योजना डीएफसीसीआईएल ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में प्रयागराज इकाई (पूर्व और पश्चिम) के स्टेशन की कार्य प्रणाली एवं अप दिशा में न्यू करछना से न्यू भाऊपुर तक और डाउन दिशा में न्यू भाऊपुर से न्यू मनौरी तक के सेक्शन की जांच की। उन्होंने जीएमआर और डीएफसीसीआईएल अधिकारियों के साथ ऑपरेशन कण्ट्रोल सेंटर प्रयागराज में मैराथन बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान कोहरे के मौसम की शुरुआत और ट्रेन परिचालन पर इसके प्रभाव के कारण सेक्शन का विस्तृत अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर कॉर्पोरेट ऑफिस, फील्ड यूनिट, जीएमआर एवं डीएफसीसीआईएल के अधिकारी मौजूद रहे।

## एडिशनल मेंबर ट्रैक्शन रेलवे बोर्ड द्वारा प्रयागराज क्रू लॉबी का निरीक्षण एवं संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन



भारतीय रेल के एडिशनल मेंबर ट्रैक्शन रेलवे बोर्ड श्री विजय प्रताप सिंह ने प्रयागराज लॉबी के निरीक्षण के दौरान संरक्षा संगोष्ठी में संबोधित करते हुए, कुहासे में संचालन व महाकुंभ के आयोजन में प्रयागराज संयुक्त लाबी में रनिंग कर्मियों को संरक्षित संचालन हेतु सदैव सतर्क एवं प्रसन्नचित्त होकर नौकरी करने हेतु सलाह दी। उन्होंने संरक्षा के प्रति प्रयागराज लॉबी में जागरुकता, तकनीकी ज्ञान, औचक निरीक्षण व तनाव रहित संचालन हेतु विविध व्यवस्थाएं तथा उपस्थित रनिंग कर्मचारियों के सन्तुष्टि सूचकांक पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये प्रयागराज लॉबी को भारतीय रेल की सर्वश्रेष्ठ लॉबी की संज्ञा दी। संरक्षा संगोष्ठी में प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज सहित अन्य रेलवे के अधिकारी व रनिंग कर्मियों ने भाग लिया।

## उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी आयोजित



दिनांक 20.12.2024 को मुख्यालय में विद्युत विभाग द्वारा राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलन एवं फीता काट कर शुभारंभ किया और उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री जोगिंदर सिंह लाकरा सहित मुख्यालय कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों तथा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर श्री अनूप कुमार अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 से वर्ष 2024-25 में ऊर्जा खपत में कितनी कमी आई, जिसमे सोलर ऊर्जा जनरेशन, रिजनरेटिव ब्रेकिंग, हेड ऑन जनरेशन BLDC पंखा इत्यादि से सम्बंधित आंकड़े प्रस्तुत किये।

## संरक्षा पुरस्कार समारोह आयोजित



दिनांक 10.12.2024 को नवम्बर माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 10 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री अनिल परिहार, कान्सटेबल/ग्वालियर/झाँसी मण्डल को माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## प्रयागराज रनिंग रूम को मिली सर्वश्रेष्ठ रनिंग रूम की शील्ड एवं 05 कर्मी भी हुए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित



हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। इसमें माननीय केंद्रीय मंत्री, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दिनांक 21.12.2024 को भारत मंडपम दिल्ली में विभिन्न ज़ोनों एवं कारखानों को शील्ड प्रदान करने के साथ ही रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज रनिंग रुम को देश के सर्वश्रेष्ठ रनिंग रूम की शील्ड मिली। यह शील्ड उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी एवं मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल श्री हिमांशु बडोनी ने प्राप्त की । इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे के 05 कर्मचारी एवं अधिकारी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित हुए। इसमें गुरजीत कौर, ओएसडी स्पोर्ट्स मुख्यालय, श्री विजेंद्र कुमार मीणा, पोइंट्समेंन (कांटेवाला), रामगढ़ स्टेशन, आगरा मंडल, श्री पंकज कुमार रजक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, प्रयागराज मंडल, दीपा कुमारी, सहायक लोको पायलट (इलेक्ट्रिकल), कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज मंडल एवं श्री मनमोहन मिश्र ट्रैकमेन्टेनर III, यूनिट नं. 158 चित्रकूटधाम स्टेशन, झाँसी मंडल शामिल हैं।

## परिचालन समय सारणी की पुस्तिका का विमोचन



दिनांक 31.12.2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने दिनांक 1 जनवरी 2025 से लागू हो रही नई परिचालन समय सारणी की पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों के लिए नई समय सारणी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री जोशी ने कहा कि रेल परिचालन में इस समय सारणी का बहुत महत्व होता है। यह समय सारणी हमारी समयपालनता और संरक्षित परिचालन का आधार होती है।

उन्होंने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक सहित उनकी पूरी टीम को इस समय सारणी को बनाने और समय से जारी करने के लिए बधाई दी।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में दिनांक 26.12.2024 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने कहा कि संघ की राजभाषा नीति को लागू करना हम सबका संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी दायित्व है। हमारी रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन की दृष्टि से पूरी तरह 'क' क्षेत्र में स्थित है। हमारे अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी या तो हिंदी में प्रवीणता प्राप्त हैं या उन्हें कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। इसलिए हमें पूरी कर्तव्य भावना के साथ राजभाषा हिंदी का प्रयोग प्रसार करना चाहिए। श्री जोशी ने हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली को आदर्श कारखाना चुने जाने और इस हेतु रेल मंत्री राजभाषा शील्ड दिए जाने की घोषणा पर उक्त कारखाना को बधाई दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने मुख्यालय की राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के महाकुंभ विशेषांक का विमोचन किया।

## हरित कुम्भ एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सेमिनार



दिनांक 10 जनवरी 2025 को रेलगाँव सूबेदारगंज में पर्यावरण विभाग द्वारा हरित कुम्भ एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार सफाई मित्रों एवं अन्य ग्रुप डी स्टाफ में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु आयोजित किया गया था। इस सेमिनार में रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज से श्री संजीव हाण्डू सीएचडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री संजीव हाण्डू ने स्वास्थ्य से सम्बन्धी जानकारी साझा की एवं बीपी एवं शुगर से संबन्धित बहुत महत्वपूर्ण बातें बताई और खानपान एवं दिनचर्या में परिवर्तन लाने हेतु बताया।

## स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा सर्विस कैम्प आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा दिनांक 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक द्वितीय अखिल भारतीय रेलवे सर्विस कैम्प का आयोजन प्रयागराज में किया गया। इस शिविर में तीनों जिला संस्थाओं के समस्त रोवर्स, रेंजर्स एवं स्काउटर्स व गाइडर्स द्वारा प्रतिभाग कर सेवा दी गई। इसके अन्तर्गत जागरूकता रैली तथा स्टील की थालियां एवं कपड़े के थैले सफाई मित्रों को वितरित किये गये।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य प्रशिक्षण केन्द्र में वृक्षारोपण



दिनांक 10 नवम्बर 2024 को उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज में फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गये। यह कार्यक्रम रेलवे स्काउट एंव गाइड बोर्ड नई दिल्ली के निर्देशानुसार श्री शिवाजी कदम, मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक एवं उपाध्यक्ष, उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं श्री मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं संस्था के राज्य सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

## मुख्यालय में नवीनीकृत कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन



दिनांक 13.01.2025 को परिचालन विभाग में नवीनीकृत कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ, इस अवसर पर प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री शरत चंद्रायन सहित मुख्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। नवीनीकृत कन्ट्रोल रूम बनने से महाकुंभ-2025 में ट्रेनों के संचालन से जुड़े कन्ट्रोल के सभी कर्मचारी लाभान्वित होंगे। नवीनीकृत कन्ट्रोल बनने से कन्ट्रोल में कार्यरत कर्मचारियों को अधिक स्वतंत्र रूप से सुविधायुक्त बैठने व कार्य करने में सुविधा होगी और इसके लिए सभी कर्मचारियों ने महाप्रबंधक का आभार व्यक्त किया।

## उत्तर मध्य रेलवे को मिले ऊर्जा संरक्षण हेतु विभिन्न पुरस्कार

उत्तर मध्य रेलवे ने विभिन्न ऊर्जा दक्ष तकनीकी उपायों एवं प्रयासों से क्षेत्रीय रेलवे की प्रतिस्पर्धा में दो पुरस्कार प्राप्त किये। इसमें उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा आयोजित 'उत्तर प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2024' का 'प्रथम पुरस्कार जिसे लखनऊ में आयोजित ऊर्जा संरक्षण दिवस-2024 के समारोह में श्री कुलदीप कुमार, उप मुख्य बिजली अभियंता/सामान्य द्वारा ग्रहण किया गया। इसके अतिरिक्त BEE द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2024' में सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन को 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित ऊर्जा संरक्षण दिवस-2024 के समारोह में श्री अखिलेश कुमार, उप मुख्य बिजली अभियंता द्वारा ग्रहण किया गया।इस अवसर पर प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, श्री अनूप कुमार अग्रवाल द्वारा विद्युत विभाग की टीम को उनके सराहनीय योगदान हेतु बधाई दी गई।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना का हुआ वाचन



दिनांक 26.11.2024 को मुख्यालय में 'संविधान दिवस प्रस्तावना-पाठ समारोह' का आयोजन किया गया। श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'संविधान की प्रस्तावना-पाठ' कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ - 2025 के दौरान उत्तर मध्य रेलवे की गतिविधियों की झलकियाँ



## रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन) मूवमेंट द्वारा प्रयागराज स्थित परिचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण



रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन) मूवमेंट, श्री प्रभास दंसाना ने प्रयागराज स्थित परिचालन नियंत्रण केंद्र (Operation Control Centre - OCC) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वी समर्पित मालवाहक गलियारे (Eastern Dedicated Freight Corridor - EDFC) पर ट्रेन परिचालन के सुचारू और कुशल प्रबंधन में परिचालन टीम के समर्पण और प्रयासों की सराहना की। श्री दंसाना ने अगले वित्तीय वर्ष तक दोनों दिशा (अप और डाउन) में मालगाड़ी संचालन को 100 ट्रेनों तक बढ़ाने के लिए कहा।

इस अवसर पर आयोजित बैठक के दौरान, श्री शरत सुधाकर चंद्रयान, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, एनसीआर, श्री डी.के. वर्मा, मुख्य माल परिवहन प्रबंधक, एनसीआर, श्री देवेंद्र सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, प्रयागराज पश्चिम, श्री ए.बी. सरन, मुख्य महाप्रबंधक, प्रयागराज (पूर्व), श्री मन्नू प्रकाश दुबे, अपर महाप्रबंधक (ओपी एंड बीडी), प्रयागराज, श्री एस.के. शुक्ला, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) प्रयागराज, श्री विवेक कुमार, उप महाप्रबंधक (ट्रैक्शन और रोलिंग स्टॉक) और रेलवे और डीएफसीसीआईएल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महाप्रबंधक द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



दिनांक 01 से 04 जनवरी 2025 तक सूरत में आयोजित सीनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में भारतीय रेल की टीम ओवर ऑल चैंपियन बनी। इस टीम में उत्तर मध्य रेलवे के 03 खिलाड़ी थे। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल की टीम के हिस्से के रूप 06 पदक उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए।

इसके अतिरिक्त उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्ट आशीष कुमार ने उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए एक पदक जीता। खिलाड़ियों द्वारा जीते गए पदकों में उत्तर मध्य रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल-अराउंड, वॉल्टिंग टेबल और हॉरिजॉन्टल बार, में रजत पदक तथा टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर मध्य रेलवे के आदित्य सिंह राणा ने भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल-अराउंड में रजत पदक तथा टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

उत्तर मध्य रेलवे के आशीष कुमार को उत्तर प्रदेश से चुना गया था और फ्लोर एक्सरसाइज में उन्होंने स्थान (कांस्य पदक) हासिल किया।

उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने कोच देवेश के साथ महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी से उनके कार्यालय में जाकर उनको उपलब्धियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने जिम्नास्टिक टीम के खिलाड़ियों से प्रत्येक के विषय में जानकारी ली और उनको हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष, श्री अनूप कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष, श्री बीपी सिंह, महासचिव, श्री सर्वेश चंद द्विवेदी, सचिव/महाप्रबंधक, श्री अजय सिंह, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के संयुक्त सचिव, डॉ. अमित मालवीय उपस्थित रहे।

## टेण्डर फीट स्कूल एवं शिशु गृह के बच्चों के लिए पिकनिक शिविर आयोजित



दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से टेण्डर फीट स्कूल एवं शिशु गृह के बच्चों के लिए पिकनिक शिविर का आयोजन रेलगाँव स्थित स्टेडियम, सूबेदारगंज में किया गया।

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी ने पिकनिक शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संगठन द्वारा बच्चों के लिए खेल गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल एवं शिशु गृह के सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी महोदया की ओर से सभी बच्चों को गिफ्ट प्रदान किये गये।

इस अवसर पर संगठन की तरफ से सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती सुप्रिया सिन्हा, श्रीमती माधुरी सिंह, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती अलका गर्ग, श्रीमती साधना कुमार, श्रीमती सुनीता भारती, श्रीमती वसुधा गुप्ता एवं श्रीमती युसरा यूसुफ उपस्थित रहीं।

## निबंध तथा ड्राइंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 16 जनवरी 2025 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से निबंध तथा ड्राईंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता-2024 में चयनित किये गये बच्चों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्पंदन अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में किया गया।

इस अवसर पर मुख्यालय स्तर पर चयनित बच्चों को संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी द्वारा प्रत्येक ग्रुप के बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को प्रमाण-पत्र भी दिये गये।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती सुप्रिया सिन्हा, श्रीमती माधुरी सिंह, श्रीमती नीलम कुमार, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती चारू गुप्ता, श्रीमती बरनाली मंडल, श्रीमती अलका गर्ग, श्रीमती राजेनी चन्द्रायन, श्रीमती साधना कुमार, श्रीमती सुनीता भारती, डा. श्रीमती मंजू लता हांडू, श्रीमती वसुधा गुप्ता, श्रीमती युसरा यूसुफ के साथ साथ संगठन की अन्य सदस्यायें उपस्थित रहीं।



"अभ्यास से ही मनुष्य सम्पूर्ण बनता है।" - अज्ञात

## स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित



दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से 15 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा आयेजित किया गया। इसी क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन मण्डल कार्यालय में आयोजित शपथ समारोह में समस्त कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति शपथ के साथ जागरूक किया गया। इस दौरान जिस विभाग में साफ-सफाई व स्वच्छता को सर्वोपरी रखा। उस विभाग को अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य, श्री संजय सिंह ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मण्डल में स्वच्छता शपथ, स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ पटरी, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन व स्वच्छ पर्यावरण एवं एकल प्लास्टिक रहित दिवस मनाकर स्वच्छता अभियान में साफ-सफाई के साथ यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान प्रयागराज मण्डल में महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मानयी गयी। स्वच्छता जागरूकता के लिए रैली निकली गयीं, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए और स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के दौरान प्रयागराज मण्डल के प्रमुख स्टेशनों प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, मिर्जापुर, फतेहपुर, फफूंद, इटावा, विंध्याचल, मानिकपुर एवं गाड़ियों में सघन स्वच्छता अभियान चलाए गए।

इस अभियान में रेल पटरी, रेलवे परिसर, और रेलवे परिसर के प्रसाधनों में साफ-सफाई की गयी। इस अभियान में स्वच्छ आहार और स्वच्छ नीर उपलब्ध कराने के लिए फूड स्टाल, कैंटीन, पैन्ट्रीकार और पेयजल सुविधाओं के मानकों को चेक किया गया और संबंधित स्टाफ को भी काउंसिल किया गया।

## गाँधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 02.10.2024 को मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महात्मा गाँधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस उत्सव मानाया गया। प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गाँधी जी को स्मरण किया।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल के सभी कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए शपथ भी ली। इस अवसर पर प्रयागराज मंडल की भारत स्काउट एवं गाइड टीम द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित रेल यात्रियों और रेलकर्मियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य, श्री संजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा, श्री नवीन प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक द्वारा चुनार-चोपन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय - प्रयागराज रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 23 अक्टूबर, 2024 को महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे सोनभद्र, चुनार, मिर्जापुर और विंध्याचल स्टेशनों, चोपन-चुनार रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज खण्ड के मध्य तीसरी रेल लाइन के कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी सहित मुख्यालय और मण्डल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 30.10.2024 को मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। श्री बडोनी ने माल्यार्पण के बाद उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य, श्री संजय सिंह, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, श्री मनीष खरे एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक ने सतर्कता जागरूकता के लिए मण्डल कार्यालय परिसर से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज जंक्शन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर भारत स्काउट गाइड टीम के कलाकारों द्वारा भ्रष्टाचार मिटाने के लिए एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सरदार पटेल द्वारा हैदराबाद रियासत का भारत में विलय के लिए किए गए महान कार्य को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्मरण किया गया।

## 76 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 26.01.2025 को मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में 76वाँ गणतंत्र दिवस डीएसए ग्राउंड में उल्लास के साथ मनाया गया। मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के बढ़ते हुए क्रम में उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 154 रेलकर्मियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर महाकुंभ-2025 में अन्य क्षेत्रीय रेलवे से ड्यूटी करने आये शानदार कार्य करने वाले 06 रेलकर्मियों को भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही संविदा पर कार्य कर रहे 12 संविदा कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

## महाप्रबंधक द्वारा टूंडला-कानपुर खण्ड का निरीक्षण



दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी ने प्रयागराज मण्डल के टूंडला - कानपुर खण्ड का निरीक्षण किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट कार्यों की प्रगति का जायजा भी लिया। इस अवसर पर मुख्य इंजीनियर/ निर्माण श्री अजय कुमार सिंह ने महाप्रबंधक को चल रहे कार्य की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने टूंडला स्थित केंद्रीय यातायात नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बढ़ते हुए क्रम में महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित टूण्डला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, इटावा, पनकी धाम और गोविंदपुरी स्टेशनों और कानपुर सेंट्रल स्टेशन के री डेवलपमेंट कार्य का गहनता से निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने विकास कार्यों का जायजा लेने के बाद सम्बंधित अधिकारियों को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । महाप्रबंधक ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए और कार्य मानक के अनुसार किये जाए। इस निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल श्री हिमांशु बडोनी, मुख्य इंजीनियर/निर्माण श्री अजय कुमार सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक, श्री नवीन प्रकाश, उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर, श्री आशुतोष सिंह सहित प्रयागराज मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस आयोजित



दिनांक 26 नवंबर, 2024 को प्रयागराज मण्डल में मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगाँठ को मनाया गया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज श्री हिमांशु बडोनी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया।

## स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मी सम्मानित



भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मंडल ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा, 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा और 2 अक्टूबर 2014 को माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी द्वारा स्वच्छता के लिए चलाए गए अभियान में असाधारण योगदान के लिए दस रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत किए गए सभी कर्मचारियों को मण्डल रेल प्रबंधक ने प्रशस्ति-पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस समारोह में मंडल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रेस वार्ता आयोजित



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने प्रयागराज (इरादतगंज)-मानिकपुर तीसरी लाइन (84 किमी) को मंजूरी दे दी। दिनांक 26.11.2024 को इस सम्बन्ध में स्थानीय लोगों को जानकारी देने हेतु एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमे बताया गया कि प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से परिचालन आसान होगा और व्यस्ततम रेल मार्ग प्रयागराज (इरादतगंज)-मानिकपुर पर ढांचागत विकास होगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद की मध्य प्रदेश के खंडवा एवं चित्रकूट जनपदों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस परियोजना से क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 15.94 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। इस परियोजना से प्रतिवर्ष 85 करोड़ किलोग्राम CO2 उत्सर्जन कम होगा और 249 करोड़ रुपये का 3 करोड़ लीटर डीजल बचेगा।

## राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को अपर मंडल रेल प्रबंधक, परिचालन, श्री अजय कुमार राय की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा-2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन ने आयोजित समारोह में प्रयागराज मण्डल में आयोजित प्रश्नमंच, हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन एवं वाक् प्रतियोगिताओं के विजेता कुल 10 अधिकारियों एवं 15 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। इस समारोह में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग प्रसार हेतु कुल 22 कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का सोनभद्र रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ



दिनांक 06.10.2024 को माननीय लोकसभा सदस्य, श्री छोटेलाल एवं माननीय विधायक/ राबर्ट्सगंज, श्री भूपेश चौबे ने गाड़ी संख्या 12454 नई दिल्ली- रांची, राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव का सोनभद्र स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छोटे लाल जी ने कहाकि इस ठहराव से रांची, प्रयागराज, कानपुर व दिल्ली के लिए आवागमन आसान हो जायेगा। इस अवसर पर माननीय विधायक/ राबर्ट्सगंज, श्री भूपेश चौबे जी ने कहा कि रेलवे द्वारा गाड़ियों के ठहराव, नई गाडियाँ और उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री राजेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी के प्रतिनिधि श्री एस.के. गौतम, सदर ब्लाक प्रमुख, श्री अजीत रावत प्रयागराज मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक, श्री दिनेश कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, श्री अनिल कुमार गुप्ता एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित थी।

## प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



दिनांक 13.11.2024 को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस जन औषधि केंद्र को ललितपुर वासियों को समर्पित किया गया। इस विशेष अवसर पर माननीय राज्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह जन औषधि केंद्र ललितपुर में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में ललितपुर विधायक श्री राम रतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कैलाश नारायण सहित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा, मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 'संविधान दिवस प्रस्तावना-पाठ समारोह' आयोजित



दिनांक 26 नवम्बर 2024 को 'संविधान दिवस प्रस्तावना-पाठ समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'संविधान की प्रस्तावना-पाठ' कराया गया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री आर.डी. मौर्या सहित अन्य सभी विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

दिनांक 06 दिसंबर 2024 को झाँसी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों और एससी/एसटी यूनियन के अध्यक्ष श्री सत्यपाल सिंह तथा सचिव श्री वीरेंद्र अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर बल दिया।

## गांधी स्मारक एवं स्वावलंबन स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित



महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा संचालित गाँधी स्मारक जूनियर हाई स्कूल तथा स्वावलंबन स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती स्वेता सिन्हा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन झाँसी सहित अन्य अधिकारी व संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय में समय समय पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया। श्रीमती सिन्हा द्वारा अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए प्रेरित करने को कहा।

## 76वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 26.01.2025 को मण्डल मुख्यालय के सीनियर इंस्टीटयूट में राष्ट्र का 76वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डल रेल प्रबन्धक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराने के साथ राष्ट्रगान सहित किया गया। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण कर महाप्रबन्धक द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन कर संबोधित करते हुए क्षेत्रीय तथा मंडल रेल की प्रगति व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की। इसी क्रम में श्री सिन्हा ने विभिन्न विभागों से अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेलवे कर्मियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया।

## रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा दैलवारा तथा न्यू ललितपुर टाउन स्टेशन के मध्य नई कॉर्ड लाइन का निरीक्षण



दिनांक 11.01.2025 को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर क्षेत्र श्री प्रणजीव सक्सेना द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री विपिन कुमार तथा मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की उपस्थिति में झाँसी मंडल के दैलवारा तथा न्यू ललितपुर टाउन स्टेशन के मध्य नई कॉर्ड लाइन का निरीक्षण किया गया।

## नवनिर्मित महिला छात्रावास का उद्घाटन



उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी मंडल के रेल पथ प्रशिक्षण केंद्र में नवनिर्मित महिला छात्रावास का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह छात्रावास महिला कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए आधुनिक और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उनके कार्य और प्रशिक्षण में और अधिक सहजता आएगी।

## रानी लक्ष्मी बाई जू.हा. स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित



'तत्व' थीम पर रानी लक्ष्मी बाई जू.हा. स्कूल के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गय। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि श्रीमती स्वेता सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वन्दना के साथ किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय में समय-समय पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।



"ज्ञान के बिना कोई ज्ञानी नहीं हो सकता" - निशीथ भाष्य

## महाप्रबंधक द्वारा झाँसी-बीना खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी ने अपने झाँसी मंडल के दौरे के क्रम में वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी स्टेशन का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने पुर्न विकसित हो रहे वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के ले आउट को देखा। साथ ही स्टेशन यार्ड के ले आउट पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्य की गति का आकलन किया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अगासोद बीना तीसरी लाइन के कार्य और दिलवाड़ा-बिरारी के मध्य कॉर्ड लाइन के कार्य की भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्यालय के अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 02.10.24 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर सर्वप्रथम मण्डल रेल प्रबन्धक, झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के फ़ोटोचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। तदुपरान्त दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया। इस दौरान संगीत गायन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन



दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के समापन समारोह में वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता से सम्बंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और 31 श्रेष्ठ कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



दिनांक 03 अक्टूबर, 2024, को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति झाँसी की 73वीं बैठक मंडल रेल प्रबंधक के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में झाँसी नगर में स्थित 67 सदस्य केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

## जौरा अलापुर और कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन के उपरांत नवनिर्मित रेलखंड का लोकार्पण



दिनांक 06.10.2024 को जौरा अलापुर और कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन के उपरांत नवनिर्मित रेलखंड का लोकार्पण एवं आमान परिवर्तित रेल खंड पर तीन नई गाड़ियों की विस्तारित सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुरैना के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर संबलगढ़ की विधायक श्रीमती सरला बिजेंद्र रावत सहित मंडल के विभिन्न अधिकारी गण तथा सम्मानित नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा दिलाई गई सत्यनिष्ठा की शपथ

दिनांक 28.10.2024 को भ्रष्टाचार के उन्मूलन एवं पारदर्शितापूर्ण कार्य को बढ़ावा देने हेतु सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले सतर्कता सप्ताह की शुरुआत झाँसी रेल मंडल में की गई। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



दिनांक 29.10.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के तहत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, झाँसी से सीनियर रेल संस्थान तक दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आर.डी. मौर्या, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री ब्रिजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री विवेकानंद नारायण सहित अन्य सभी शाखाधिकारी उपस्थित रहे।

## चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




झाँसी मंडल में दिनांक 22.11.2024 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्जवलन एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। माल्यार्पण उपरान्त श्री दीपक कुमार सिन्हा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन व उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा आदर्शों पर विचार रखे।

# आगरा मण्डल

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित



दिनांक 01.10.2024 को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा- 2024 की थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने मंडल के अधिकारियो के साथ व आईओसी के सहयोग से यमुना अधिकारी रेस्ट हाउस आगरा कैंट पर पौधारोपण किया। मंडल के सभी स्टेशनों, डिपो तथा कार्यालयों में रेलकर्मियों द्वारा भी वृहद स्तर पर पौधे लगाये गए। इस अभियान के अंतर्गत रेल उपयोगकर्ताओ को स्टेशनों पर उदघोषणा के साथ-साथ पोस्टरों, बैनरों, स्टीकर एवं इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड द्वारा स्टेशन परिसर में गन्दगी न फैलाने तथा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गाँधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 02 अक्टूबर 2024 को गाँधी जयंती के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। तत्पश्चात सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर स्वच्छता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 रेल कर्मियों सहित प्रतियोगिताओं के कुल 15 विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इसी क्रम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे श्री अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ाने तथा गन्दगी को हटाने को अत्यंत रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

## रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा धौलपुर- हेतमपुर खंड का निरीक्षण



दिनांक 25.10.2024 को पूर्वोत्तर परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त श्री प्रणजीव सक्सेना द्वारा धौलपुर-हेतमपुर के मध्य तीसरी लाइन व धौलपुर स्टेशन पर पैनल रूम का मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले खंड में ट्रैक्शन, सिग्नल, ओएचई, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता की गहनता से परख की गयी। सुरक्षा व संरक्षा के सभी मानकों से संतुष्ट होकर रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा नवनिर्मित धौलपुर हेतमपुर रेलखंड पर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से स्पीड ट्रायल कर नव निर्मित तीसरी रेल लाइन का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी, निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, आगरा में राजभाषा पखवाड़ा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजभाषा पखवाड़े के दौरान मंडल कार्यालय एवं मंडल के अन्य स्टेशनों पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी काम काज में हिंदी का उत्कृष्ट प्रयोग प्रसार करने वाले कुल 56 अधिकारियों और कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ



दिनांक 28.10.2024 को मण्डल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए आगरा मण्डल कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थी।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय एकता दिवस एव सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर रन फार यूनिटी, निबन्ध, वाद-विवाद, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी तथा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा आगरा-रुंधी रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 09.11.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा आगरा-रुंधी रेल खंड का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत श्री अग्रवाल ने शोलाका एवं रुंधी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्टेशन की सभी व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखने और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सतत् प्रयास करें।

## संविधान की प्रस्तावना का वाचन




दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आगरा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना-पाठ कराया गया।

## मंडल कार्यालय में लिफ्ट का उद्घाटन



दिनांक 26.11.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने मंडल कार्यालय में लिफ्ट का उद्घाटन किया। इस लिफ्ट के शुरू होने से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिव्यांग कर्मचारी, बुजुर्ग कर्मचारी एवं महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 06.12.2024 को महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। महापरिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारीगण, मण्डल के शाखाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 09.12.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन में चयनित गोविंदगढ़, डीग एवं गोवर्धन स्टेशन के निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही भूतेश्वर स्टेशन यार्ड में बन रहे अंडर पास का निरीक्षण भी किया।

## रामगढ़ स्टेशन पर गाड़ी सं. 12403/20403 और 12404/20404 एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 16 जनवरी 2025 से गाड़ी सं. 12403/20403 व 12404/20404 का रामगढ़ स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ माननीय विधायक रामगढ़ श्री सुखवंत सिंह द्वारा रामगढ़ रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस अवसर पर रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, आमजन व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## केंद्रीकृत ट्रेन संचालन डिस्प्ले एवं आपदा प्रबंधन कक्ष का उद्घाटन



दिनांक 21.01.2025 को केंद्रीकृत ट्रेन संचालन डिस्प्ले एवं आपदा प्रबंधन कक्ष का उद्घाटन मण्डल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। उक्त प्रणाली द्वारा धौलपुर से लेकर पलवल तक लाइव ट्रेन संचालन देखा जा सकता है। उक्त प्रणाली आपदा के समय में बहुत कारगर सिद्ध होगी। इस सुविधा से भविष्य में आगरा मण्डल में ट्रेन संचालन में आशातीत सुधार होगा।

## 76वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 26.01.2025 को गोवर्धन स्टेडियम के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने 76वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया तथा महाप्रबंधक का संदेश पढ़कर सुनाया। इसके उपरान्त रेलवे सुरक्षा बल, खिलाड़ियों तथा स्काउट एण्ड गाइड की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया एवं सलामी ली। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा मण्डल के सभी विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि

दिनांक 30 जनवरी 2025 को शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवं अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) श्री प्रनव कुमार के साथ अन्य अधिकारियों एवं आगरा मंडल के सभी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालय से ही 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

संरक्षक
उपेन्द्र चन्द्र जोशी
महाप्रबंधक

मुख्य संपादक
श्री जोगिंदर सिंह लाकरा
अपर महाप्रबंधक

कार्यकारी संपादक
श्री शशिकांत त्रिपाठी
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सहायक संपादक
डॉ. अमित मालवीय, श्री अमित कुमार सिंह, श्री मनीष कुमार सिंह
श्री मनोज कुमार सिंह, श्रीमती रागिनी सिंह एवं कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव

उप सम्पादक
श्री पूरन मल मीना, श्री मोहन लाल मीना, श्री प्रमोद कुमार मिश्रा एवं श्री अनुज कुमार राजपूत

जनसंपर्क विभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रकाशित